SAMPLE TEST PAPER(COMMON ANNUAL SCHOOL EXAMINATION)

CLASS-VIII

TIME- 2 H 30 M SUBJECT- S.ST.

M.M.50

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्न पत्र में कुल 20 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। उनमें से किसी एक को ही हल करें।
4. प्रश्न संख्या 20.1 केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर है।
5. प्रश्न पत्र कुल पाँच खण्ड़ों में विभाजित है।खण्ड–क 1 अंक,खण्ड–ख 2 अंक,खण्ड–ग 3 अंक,खण्ड घ– 5,अंक और खण्ड–ड़ 6 अंक का है।
6. प्रश्न 20 मानचित्र आधारित है और इसके दो भाग(क) और (ख) हैं। यह कुल 6 अंक का है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ अवश्य बाँधें।

GENERAL INSTRUCTIONS :

1.There are 20 questions in this question paper.

2. All questions are compulsory.

3.There is internal choice in some of the questions. Attempt only one of them.

4.Question No.20.1 is only for the visually impaired students in lieu of the question no.20

5.This question paper is divided into five sections. Section-A 1 Marks, Section-B 2 Marks, Section-C 3 Marks, Section-D 5 Marks and Section- E is of 6 Marks each.

6.Question no.20 is map based and there are two parts(A) and (B) of it. This question is of 6 marks. Map should be tied in the answer sheet.

docs.aglasem.com

aglasem.com

खण्ड़ – क

SECTION-A

1.भारत में वर्तमान में कौन सा दल प्रमुख विपक्षी दल है ? 1

1.Which political party is the main opposition party in India at present ?

2.आदिवासी अक्सर किनकी उपासना करते हैं ? किसी एक का नाम लिखिए। 1

2.Whom do Advasis generally worship ? Name any one of them ?

3.निम्न में से कौन सा मानवकृत संसाधन है–

वायु, जल, मशीन, मृदा 1

3.Which among the following is a human made resource—

Air, Water, Machine, Soil 1

4.नीचे लिखी पंक्तियों को पढ़ कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

निजी भूमि व्यक्तियों के स्वामित्व में होती है जबकि सामुदायिक भूमि समुदाय के स्वामित्व में होती है।

सामुदायिक भूमि किसके स्वामित्व में होती है ?

4.Read the following lines and answer the questions that follow—

“ Private land is owned by individuals where as , community land is owned by the community.”

Which land is owned by the community ? 1

5.सन् 1824 में भारतीय सिपाहियों ने कंपनी की ओर से लड़ने के लिए समुद्र के रास्ते बर्मा जाने का हुक्म क्यों नहीं माना ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

5.Why did Sepoys refuse to follow the order to fight for the company to go to Burma by the sea route, in 1824 ? 1

6.नीचे लिखी पंक्तियों को पढ़ कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1917 में रूस में क्रांति हई। इस घटना के चलते किसानों और मज़दूरों के संघर्षों का समाचार तथा समाजवादी विचार बड़े पैमाने पर फैलने लगे थे।जिससे भारतीय राष्ट्रवादियों को नई प्रेरणा मिलने लगी।

रूस की क्रांति का भारत पर क्या असर हुआ ?

6. Read the following lines and answer the following questions that follow— 1

In1917 there was a revolution in Russia. News about peasants and workers struggles and ideas of socialism circulated widely, inspiring Indian Nationalists.

How did the Russian Revolution effect India ?

खण्ड़ ख

SECTION-B

7.(क) आपके निर्वाचन क्षेत्र के एम.एल.ए. (विधायक) का नाम लिखिए ? 2

(ख) वे किस राजनीतिक दल के सदस्य हैं ?

7.a)Write the name of the M.L.A. of your constituent assembly ?

b) To which Political Party does he belong ?

8.किन्हीं दो प्राकृतिक संसाधनों के नाम लिखिए ? 2

8.Write the name of any two natural resources ?

9.(1) पृथ्वी को जलीय ग्रह क्यों कहा जाता है ? 2

(2) महासागरों का जल क्यों नहीं पिया जा सकता ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

9.(i) Why is the Earth called a 'water planet'?

(ii) Why is the ocean water not fit for human consumption?

10.जल प्रदूषण के कोई दो कारण लिखिए ? 2

10.Write any two causes of water pollution ?

11. 1921–22 के दौरान असहयोग आंदोलन को और गति मिली। जगह–जगह लोगों ने विदेशी कपड़ों की होली जलाई। 1920 से 1922 के बीच विदेशी कपड़ों के आयात में भारी गिरावट आ गई। परंतु यह तो आने वाले तूफान की सिर्फ एक झलक थी। देश के ज्यादातर हिस्से एक भारी विद्रोह के मुहाने पर खड़े थे।

असहयोग आंदोलन के कोई दो लाभ लिखिए ? 2

11. Read the following lines and answer the questions that follow---

The Non-Cooperation Movement gained momentum through 1921-22.People lit public bonfires of foreign cloth. The imports of foreign cloth fell drastically between 1920 and 1922. But all this was merely the tip of the iceberg. Large parts of the country were on the brink of a formidable revolt.

Write any two advantages of the non-cooperation movement ?

खण्ड़ ग

Section-C

12. नीचे लिखी पंक्तियों को पढ़ कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

3

जब संसद का सत्र चल रहा होता है तो उसमें सबसे पहले प्रश्नकाल होता है।प्रश्नकाल एक महत्तवपूर्ण व्यवस्था है। इसके माध्यम से सांसद सरकार के कामकाज के बारे में जानकारियाँ हासिल करते हैं।इसके जरिए संसद कार्यपालिका को नियंत्रित करती है ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

(1) प्रश्न काल किसे कहते हैं ?

(2) प्रश्न काल में सांसद क्या करते हैं ?

(3) संसद के सत्र में सबसे पहले क्या होता है ?

12. Read the following lines and answer the questions that follow---

The Parliament, while in session, begins with a question hour. The question hour is an important mechanism through which MPs can elicit information about the working of the government. This is a very important way through which the parliament controls the executive.

i) What is question hour ?
ii) What do the MPs do during the question hour ?
iii) Which proceeding does the parliament, while in session, begin with ?

13. नीचे लिखी पंक्तियों को पढ़कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

हाशियाई का मतलब होता है कि जिसे किनारे या हाशिये पर ढ़केल दिया गया हो।ऐसे में वह व्यक्ति चीज़ों के केंद्र में नहीं रहता।समाज में ऐसे समूह या समूदाय हो सकते हैं जिन्हें इस तरह की बेदखली का एहसास रहता है।उनके हाशियाकरण की वजह यह हो सकती है कि वे एक अलग भाषा बोलते हैं,अलग रीति–रिवाज अपनाते हैं या बहुसंख्यक समुदाय के मुकाबले किसी दूसरे धर्म के हैं। वे अपनी गरीबी के कारण,सामाजिक हैसियत में कमतर माने जाने की वज़ह से और शेष लोगों के मुकाबले 'कमतर' मनुष्य के रूप में देखे जाने की वज़ह से खुद को हाशिए पर महसूस करते हैं।

हाशियाकरण से आप क्या समझते हैं ? भारत में हाशियाकृत समूहों का संक्षिप्त विवरण दीजिए ? 3

13.Read the following lines and answer the questions that follow---

To be marginalized is to be forced to occupy the sides or fringes and thus not to be at the centre of things. In the social environment groups of

docs.aglasem.com

aglasem.com

people or communities may have the experience of being excluded. Their marginalization can be because they speak a different language, follow different customs or belong to a different religious group from the majority community. They may also feel marginalized because they are poor, considered to be of 'low' social status and viewed as being less human than others.

What do you understand by marginalization ? Give a brief description about the marginalized communities of India ?

14. किसी एक संसाधन का नाम लिखिए ? आपके लिए इस संसाधन के कोई दो उपयोग लिखिए ? 3

14.Write the name of a resource ? Write any two uses of this resource for you ?

15. प्राकृतिक व मानव निर्मित संसाधनों में अंतर लिखिए। 3

15. Distinguish between the natural resources and the human made resources ?

16. जल के आपके द्वारा किए जाने वाले कोई तीन उपयोग लिखिए ? 3

16. Write any three uses of water for you ?

17. समाजवादी विचार रखने वाले आमूल परिवर्तनवादी राष्ट्रवादी सुभाषचंद्र बोस अहिंसा के गांधीवादी आदर्शों में विश्वास नहीं रखते थे हालांकि ''राष्ट्रपिता'' के रूप में गांधीजी का सम्मान करते थे। जनवरी 1941 में उन्होनें बिना किसी को बताए कलकत्ता छोड़ दिया और जर्मनी के रास्ते होते हुए सिंगापुर पहुँच गए। भारत को अंग्रेज़ों के नियंत्रण से मुक्त कराने के लिए उन्होनें वहाँ आज़ाद हिंद फौज (इंडियन नैशनल आर्मी–आईएनए) का गठन किया।

आजाद हिंद फौज का गठन क्यों और कैसे किया गया ? 3

17. Read the following lines and answer the questions that follow---

docs.aglasem.com

aglasem.com

A radical nationalist, with socialist leanings, Bose did not share Gandhiji's ideal of ahimsa, though he respected him as the "father of the Nation" . In January 1941 , he secretly left his Calcutta home, went to Singapore, via German, and raised the Azad Hind Fauj or the Indian National Army (INA).

Why and how was the Indian National Army formed ?

Section-D

खण्ड़ घ

18.नीचे लिखी पंक्तियों को पढ़कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर 5

लिखिए–

संविधान के अनुच्छेद 17 के अनुसार अस्पृश्यता या छुआछूत का उन्मूलन किया जा चुका है।इसका मतलब यह है कि अब कोई भी व्यक्ति अनुसूचित जाति के लोगों को पढ़ने मंदिरों में जाने और सार्वजनिक सुविधाओं का इस्तेमाल करने से नहीं रोक सकता। इसका मतलब यह भी है कि छुआछूत गलत है और लोकतांत्रिक सरकार इस तरह के आचरण को बर्दाश्त नहीं करेगी।लिहाज़ा अब अस्पृश्यता एक दंडनीय अपराध है। संविधान में ऐसे दूसरे भी अनुच्छेद हैं जो अस्पृश्यता के खिलाफ़ हैं। उदाहरण के लिए, संविधान के अनुच्छेद 15 में कहा गया है कि भारत के भारत के किसी भी नागरिक के साथ धर्म,नस्ल,जाति,लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा।

(1) किस अनुच्छेद के अनुसार छुआछूत का उन्मूलन किया जा चुका है ?

(2) इसका (छुआछूत के उन्मूलन का) क्या मतलब है ?

(3) छुआछूत का आचरण करने पर लोकतांत्रिक सरकार क्या करेगी ?

(4) संविधान का अन्य कौन सा अनुच्छेद अस्पृश्यता के खिलाफ है ?

(5) इस वाले अनुच्छेद में क्या कहा गया है ?

18. Read the following lines and answer the questions that follow—

docs.aglasem.com

aglasem.com

Article 17 of the constitution states that untouchability has been abolished-what this mean is that no one can hence forth, prevent Shedule casts from educating themselves, entering temples, using public facilities etc. It also means that it is wrong to practice untouchability and that this practice will not be tolerated by a democratic government. In fact, untouchability is a punishable crime now.

There are other sections in the constitution that help to strengthen the argument against untouchability –for example, Article 15 of the constitution notes that no citizen of India Shall be discriminated against on the basis of religion, race, caste, sex or place of birth.

i) By which article of the Indian constitution untouchability has been abolished ?
ii) What does it (abolished) mean ?
iii) What will a Democratic government do if this practice of untouchability continues ?
iv) Which other article of the Indian constitution is against untouchability ?
v) What is written in this article ?

19. गाँधी जी जनता के महात्मा क्यों कहे जाते थे ? 5

अथवा

महात्मा गाँधी ने भारत में कौन से आंदोलनों का नेतृत्व किया ? संक्षेप में लिखिए ?

19.Why was Gandhiji called " the people's Mahatma" ?

Or

Which movements were lead by Mahatma Gandhi in India ? Write in brief ?

Section-E

docs.aglasem.com

aglasem.com

खण्ड–ड़

20. दिए गए भारत के राजनीतिक मानचित्र में सन 1857 के विद्रोह के छः केन्द्रों (क,ख,ग,घ,ड़ और च) को पहचान कर उनके नाम लिखिए। 6

20. In the given political map of India identify and name the six centers (A,B,C,D,E and F) of the Revolt of 1857.

(यह प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर है)

(This question if only for the visually impaired students in lieu of question no.20)

20.1 1857 के विद्रोह के किन्हीं छः केन्द्रों (क,ख,ग,घ,ड़ और च) के नाम लिखिए ? 6


20.1. Write the name of any six centers of the Revolt of 1857.

docs.aglasem.com

aglasem.com

VIII N

Q: 20



docs.aglasem.com

aglasem.com